**जल जीवन मिशन कार्यक्रम के अन्तर्गत जिला पेयजल स्वच्छता समिति की पेयजल योजना से सम्बन्धित महत्वपूर्ण बिन्दुओं की प्रगति की समीक्षा हेतु आयोजित बैठक दिनांक 26.04.2022 का कार्यवृत्त**

दिनांक 26.04.2022 को अपरान्ह 03.00 बजे जल जीवन मिशन कार्यक्रम एवं अन्य महत्वपूर्ण बिन्दुओं से सम्बन्धित कार्यक्रमों के प्रगति की समीक्षा बैठक की गयी। उक्त बैठक में जनपद के निम्न अधिकारीगण उपस्थित रहे –

1. श्रीमती आर्यका अखौरी, जिलाधिकारी(अध्यक्ष)
2. श्री भानु प्रताप सिंह, मुख्य विकास अधिकारी (सदस्य)
3. श्री मुजीब अहमद, अधिशासी अभियन्ता जल निगम (सचिव)
4. जिला कृषि अधिकारी (सदस्य)
5. जिला चिकित्सा अधिकारी (सदस्य)

द्वारा प्रतिभाग किया। जल जीवन मिशन कार्यक्रमों की बिन्दुवार समीक्षा की गयी तथा बैठक में निम्नलिखित निर्देश दिये गये :–

**बिन्दु संख्या 01 –**

मेसर्स वेलस्पन द्वारा स्वीकृति 82 नग पेयजल योजनाओं के सापेक्ष पेयजल की कार्यो की स्थिति से अवगत कराया गया, कि 100 दिन की कार्य योजना के अन्तर्गत 30 जून 2022 तक 14 नग पेयजल योजनाओं से जनता को शुद्व पेयजल नलकूप के माध्यम से सीधा उपलब्ध करा दिया जायेगा, उक्त में जिलाधिकारी महोदया द्वारा एजेन्सी को निर्देशित किया गया कि आगमी बैठक से पूर्व उक्त योजनाओं से सम्बन्धित प्रत्येक योजनावार /विकास खण्ड वार प्रगति विवरण के साथ आगामी बैठक उपस्थित हो।

**(कार्यवाही अपेक्षित मेसर्स वेलस्पन)**

**बिन्दु संख्या 02 –**

मेसर्स वेलस्पन द्वारा विकास खण्ड वार 43 भूमि विवाद से सम्बन्धित सूची से अवगत कराया गया कि उक्त 43 भूमि विवादों में से 04 भूमि प्राप्त हो गयी है तथा 02 भूमि विवाद दो दिन में निस्तारण होने के पश्चात भूमि उपलब्ध हो जायेगी, अन्य हेतु सम्बन्धित तहसील/उपजिलाधिकारी से उपजिलाकिारी से सम्पर्क किया जा रहा है, सत्र न्यायालय में लम्बित वादों में निस्तारण की सूचना शून्य बतायी गयी जिलाधिकारी महोदया द्वारा निर्देशित किया गया कि आगमामी राजस्व की बैठक में कार्यदायी संस्था लम्बित भूमि विवादों के निस्तारण हेतु उपस्थित रहे।

**(कार्यवाही अपेक्षित अधिशासी अभियन्ता जल निगम /डी0पी0एम0यू0/मेसर्स वेलस्पन)**

**बिन्दु संख्या 03 –**

डी0पी0एम0यू0 टीम के प्रभारी जिला समन्वयक अपनी टिम के साथ मीटिंग में उपस्थित रहे, जी0ओ0टैंगिंग के कार्य में प्रगति लागने हेतु निर्देशित किया गया। जिला सम्न्वयक द्वारा अवगत कराया गया कि भूमि विवादों के निसतारण के क्रम में मुख्य विकास अधिकारी द्वारा दिनांक 21.04.2022 को समस्त उपजिलाधिकारी को विवादों के निस्तारण हेतु पत्र निर्गत किया गया जा चुका है, उक्त पत्र में विकास खण्ड वार विवादों की सूची संलग्न की गयी थी समीक्षा के समय कुल 43 भूमि विवादों में से 06

का निस्तारण होना नामित एजेन्सी द्वारा बताया गया। सत्र न्यायलय में लंबित वादों के निस्तारण की सूचना शून्य बताई गयी। तहसील भदोही में 05, औराई में 01, तथा ज्ञानपुर में 06 कुल 12 मामले निस्तारण हेतु लंबित है, जिला समन्वयक द्वारा यह भी अवगत कराया गया है कि डी0पी0एम0यू0 टिम के सदस्य द्वारा कार्य स्थल पर जी0ओ0टैगिंग किया जा रहा है कुल 80 कार्यस्थल के सापेक्ष 14 स्थलों की जी0ओ0टैगिंग की जा चुकी है, जिसकी प्रति जिलाधिकारी महोदाया द्वारा नाराजगी व्यक्त की गयी। जी0ओ0 टैगिंग कार्य में प्रगति लाने हेतु जिलाधिकारी महोदया द्वारा निर्देशित किया गया इसके अतिरिक्ति जिलाधिकारी महोदया द्वारा यह भी निर्देशित किया कि तहसीलदार को वादों के पैरवी के सम्बन्ध में आगामी बैठक में प्रगति से अवगत कराये।

<u>(कार्यवाही अपेक्षित अधिशासी अभियन्ता जल निगम /डी0पी0एम0यू0/मेसर्स वेलस्पन/समस्त तहसीलदार)</u>

**<u>बिन्दु संख्या :– 04</u>**

फेज –03 के अन्तर्गत प्रमुख सचिव नमामि गगें तथा ग्रामीण जलापूर्ति अनुभाग –1 उ0प्र0 शासन के पत्र सं0 53/छिहत्तर–1–2020–5सम/2019 दिनांक 05 जनवरी 2022 (संलग्नक–01) एवं अधिशासी निदेशक, राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन नमामि गंगे तथा ग्रामीण जलापूर्ति विभाग उ0प्र0 जल निगम लखनऊ के कार्यालय पत्रांक 3581/डब्लू–25 (वाराणसी)/2021–22 दिनांक 07 जनवरी 2022(संलगनक–02) के द्वारा जल जीवन मिशन के अन्तर्गत जनपद भदोही 301 ग्रामों में पाइप पेयजल योजनाओं के फेज तीन के अन्तर्गत क्रियान्वयन, निर्माण, 10 वर्षो तक संचालन, रख–रखाव कार्य हेतु शासन द्वारा नामित एजेन्सी M/s GA Infra- Baba (JV) Plot No 61, Keshav Nagar, Hawa Sadak, Jaipur Rajsthan-3020006 द्वारा नामित किया गया है।

उक्त के क्रम में 301 राजस्व ग्राम आवंटित किये जाने हेतु पत्रावली तैयार करते हुये मुख्य विकास अधिकारी महोदय के समक्ष प्रस्तुत की गयी थी उक्त में मुख्य विकास अधिकारी महोदय द्वारा निर्देश दिये गये थे कि फेज–2 के अन्तर्गत नामित एजेन्सी मेसर्स वैलस्पन को आवंटित किये राजस्व ग्राम एवं मेसर्स जी0ए0 इन्फ्रा को आवंटित किये जा रहे ग्रामों का मिलान कर यह सुनिश्चित कर ले कि उक्त मिलान उपरान्त जनपद के 546 ग्राम पंचायत एवं 1189 राजस्व ग्राम का मिलान पूर्ण करते हुये पत्रावाली प्रेषित किया जाय, उक्त के उपरान्त समस्त राजस्व ग्राम के मिलान करने में दो सप्ताह समय लगा, तत्पश्चात जनपद के समस्त राजवस्व ग्राम की सूची मिलान कराये जाने के उपरान्त 268 राजस्व ग्रामों की सूची तैयार कर पत्रावाली तैयार की गयी है।

<u>(कार्यवाही अपेक्षित अधिशासी अभियन्ता जल निगम)</u>

**<u>बिन्दु संख्या :– 05</u>**

जिला समन्वयक द्वारा यह भी बताया गया कि आई0एस0ए0 के अन्तर्गत जन जागरूपता हेतु नाामित एन0जी0ओ0 1. इण्डियन इंस्टीच्यूट फार डवलपमेन्ट स्टडीज एण्ड रिर्सच, 18/25 स्टेनरी रोड जजेज कालोनी प्रयागराज 2. ओम ग्रामोद्योग एवं विकास समिति, हुल्का ऊँचडीह, प्रयागराज द्वारा जल सिमिति तथा विलेज एक्शन प्लान का कार्य क्रमशः 93 प्रतिशत एवं 17 प्रतिशत किया है जो ठीक नही है, खराब प्रदर्शन करने वाले जिलों में इस जनपद का नाम सोलहवे स्थान पर है। जिसके प्रति जिलाधिकारी महोदया द्वारा अत्यंत नाराजगी व्यक्त करते हेए प्रगति में सुधार लाने हेतु सम्बन्धित नामित एन0जी0ओ0 को निर्देशित किया गया है। जल समिति का खाता बैंक ऑफ बड़ौदा में खता खोलने हेतु विकास खण्ड स्तरीय कर्मचारियों से समन्वय बनाकर खाता खोलने हेतु निर्देशित किया गया। समन्वय समिति द्वारा यह भी अवगत कराया गया कि एन0जी0ओ0 द्वारा अपने सदस्यों कि सूची निर्धारित प्रोग्राम

पर अभीतक प्रस्तुत नही किया गया है जिसे एक सप्ताह के अंदर दिये जाने हेतु निर्देशित किया गया है अधिशासी अभियनता जल निगम (ग्रामीण) द्वारा बताया गया कि कुल 02 एन0जी0ओ0 द्वारा वर्तमान मे कार्य किया जा रहा है 2 एन0जी0ओ0 के प्रति कार्यवाही के पश्चात मा0 उच्च न्यायालय इलाहाबाद रिट याचिकादाखिल की गयी है।

**(कार्यवाही अपेक्षित – समस्त आई0एस0ए0, डी0पी0एम0यू0 भदोही)**

**बिन्दु संख्या :– 06**

समीक्षा के दौरान यह भी तथ्य प्रकाश में आया कि कार्य स्थल पर वृक्ष आदि मौजूद है, जिसको काटने के लिए अनुमति हेतु वनाधिकारी भदोही को पत्र प्रस्तुत किया जाना अपेक्षित है। कार्यदायी संस्था द्वारा बताया गया कि दिनांक 16.04.2022 को समस्त उप जिलाधिकारी को अनुरोध पत्र दिया जा चुका है।

**(कार्यवाही अपेक्षित – वनाधिकारी भदोही)**

## अधिशासी अभियन्ता खण्ड कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), भदोही

पत्रांक 1055 / का॰/-27 ज॰नि॰ग्रा॰ 3 दिनांक 10-5-22

प्रतिलिपि :– निम्नांकित को सूची संलग्नक सहित सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1. जिलाधिकारी महोदया भदोही।
2. मुख्य विकास अधिकारी, भदोही।
3. जिला विकास अधिकारी, भदोही।
4. समस्त उपजिलाधिकारी /तहसीलदार जनपद भदोही।
5. इण्डियन इंस्टीच्यूट फार डवलपमेन्ट स्टडीज एण्ड रिर्सच, 18/25 स्टेनरी रोड जजेज़ कालोनी प्रयागराज।
6. ओम ग्रामोद्योग एवं विकास समिति, हुल्का ऊँचडीह, प्रयागराज।
7. मेधज टेक्नों कॉनसेप्ट प्राइवेट लिमिटेड, ज्ञानपुर भदोही।
8. परियोजना प्रबन्धक वैलस्पन इण्टर प्राइजेज एवं कावेरी इन्फ्रा प्रोजेक्ट प्रा0लि0(जे0वी0) मुम्बई (स्थानीय पता – ज्ञानपुर भदोही
9. M/s GA Infra- Baba (JV) Plot No 61, Keshav Nagar, Hawa Sadak, Jaipur Rajsthan-3020006.

(मुजीब अहमद)
अधिशासी अभियन्ता (सचिव)
जल निगम (ग्रामीण)
भदोही।

Seen

ExEn (Jal NiGam)

Seen
12/5/2022

Seen
12/05/22